## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये



**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तंबोलिया के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाहरगढ़ के छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाहरगढ़ के परिसर में बुधवार को संस्था प्रधान शाहरुख खान, अध्यापिका अनिता मीणा, सोनाली मीणा, भामाशाह मोहम्मद रजा कोटा, अहमद रजा कोटा, महेश मंगल कोटा, अब्दुल रशीद कोटा की ओर से विद्यालय में 70 छात्र-छात्राओ को स्वेटर वितरित किए गए। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बनवारी लाल भील, मुख्य अतिथि पप्पूलाल भील रहे। मंच संचालन शाहरुख़ खान ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान शाहरुख़ खान के द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

### भाजपा प्रत्याशियों ने जनसंपर्क किया

**छबड़ा** (निसं)। बारां नागरिक सहकारी बैंक के शनिवार को होने जा रहे चुनाव के चलते बुधवार को भाजपा पैनल के 12 प्रत्याषियो ने छबडा-छीपाबड़ौद में सघन जनसंपर्क किया और भाजपा पैनल को विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर वरिश्ठ भाजपा नेता राजेष सिंघवी, हिम्मतसिंह सिंघवी व प्रधान हरिओम नागर भी साथ रहे। बारां नागरिक बैंक चुनाव में भाजपा पैनल के प्रत्याषी हरगोविंद जैन, प्रदीप जैन, पीयूश कुमार विजय, बालमुकुंद मीणा, पीयूश जैन, सुनील टक्कर, सीमा षर्मा, तारा अग्रवाल, अखिल नामा, अष्विनी बंसल, नंदकिषोर यादव, निषांत तिवारी ने बुधवार को छबडा पहुंचकर मतदाताओं से सघन जनसंपर्क किया और षनिवार को स्वर्णकार धर्मषाला में होने जा रहे मतदान में भाजपा पैनल के पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। प्रत्याशियों ने कस्बे के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, सालपुरा रोड, अस्पताल रोड़ पर व्यापारियो के प्रतिश्ठानो पर पहुंचकर मतदान की अपील की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, भंवरलाल वर्मा, निरंजन शर्मा, दीलिप यादव, जगदीश शर्मा मील वाले, पार्षद कपिल यादव, कमल आसावत, रितेश यादव, रोहित अरोडा, नवल शर्मा, उपाध्यक्ष परमानंद साहू, मनोज राठौर, मनोज सुमन, महावीर सुमन, फूलचंद प्रजापति, महामंत्री हरिओम गौड़, भगवती वर्मा, दिलीप साहू, राजू कुमावत, गौरव सेन आदि साथ रहे।

### गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अंता** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरखंड कला में चल रहे पंचायत स्तर के एसएमसी एसडीएमसी के दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक गौरव वशिष्ठ द्वारा सभी सदस्यों को एसएमसी एसडीएमसी के गठन,कार्यप्रणाली,उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता के बारे में बताया।धागा जोडो गतिविधि द्वारा हर सदस्य की महत्ती भूमिका को समझाया गया।प्रशिक्षण में पंचायत के सभी स्कूल से आए प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के स्कूल में हो रहे अच्छे कार्यों को साझा किया। एसएमसी, एसडीएमसी किसी भी स्कूल की सबसे बड़ी ताकत होती है जो विद्यालय विकास में सकारात्मक सहभागिता निभाती है।इसलिए सभी सदस्यों को सक्रिय रहना चाहिए। दो दिवसीय तक चले इस प्रशिक्षण में 36 संभागियो ने हिस्सा लिया। संस्था प्रधान आरती शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण में जानकीलाल व्याख्याता,संध्या शर्मा,कपिल मालव,माणक चंद मीणा,प्रेम बाई का विशेष सहयोग रहा।

### साप्ताहिक हाट का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। राजीविका के परियोजना स्टार्टअप ग्रामीण उद्यिमता कार्यक्रम के तहत पेच की बावड़ी पंचायत परिसर में बुधवार को पहला ग्रामीण साप्ताहिक हाट का शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी व जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका सोहनलाल एवं पंचायत सरपंच सीमा ने किया। परियोजना के तहत स्थानीय महिलाओं व उनके परिवार को उद्यम लगाने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करता है। यह ग्रामीण साप्ताहिक हाट हर बुधवार लगने वाला हाट है, जिससे स्थानीय लोगों को खरीदने एवं सामग्री बेचने के लिए दूर नही जाना पडेगा। कार्यक्रम में बीपीएम सुमन शिखा, कुटुम्बश्री एनआरओ से फील्ड कोऑर्डिनेटर प्रियंका, बीएपी एण्ड बिजया, मेंटर मिथलेश कुमार, झांसी की रानी राजीविका महिला सर्वागीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, हिण्डोली के सीएम माया जी पूरे क्लस्टर स्टाफ के साथ मजूद रहे, ठम्च्ब् मबीपीईसी मेम्बर्स राजकंवर, मूर्ति, जमुना, कौशल्या, लक्ष्य सीआरपी एण्ड ईपी ग्रुप की शाफिया, दुर्गावती, नीतू, शबनम आदि मौजूद रही।

### प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम

**छबड़ा** (निसं)। कन्या महाविद्यालय में बुधवार को आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 45 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य सीबी शर्मा उपस्थित रहे। सहायक आचार्य डॉ. सुरेश चंद्र वैष्णव व मनोज मीणा ने बताया कि कॉलेज में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सरकार की योजनाओं से संबंधित आशु-भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना, अनुप्रति योजना, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, राजस्थान की संस्कृति आदि पर विभिन्न छात्राओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी सेन, द्वितीय स्थान अदिति मीणा एवं तृतीय स्थान लक्षिता पोरवाल ने प्राप्त किया। विजेताओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा।

### गायों को हरा चारा खिलाया

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा-भैंसरोड़गढ़ मार्ग पर स्थित गौशाला में डॉ. सेवा तीरथ राम पत्नी धनवंती देवी ने अपने गुरु संत स्व. हिरदाराम के जन्मदिन पर गायो की पूजा-अर्चना कर गायों को हरा चारा खिलाया, और 2 बोरी पशु आहार भेंट किया। उन्होंने अपने हाथों से गायों को दलिया भी खिलाया। डॉ. सेवा तीरथ राम ने बताया कि संत हिरदाराम हमेशा सभी को ये ही शिक्षा देते हैं बूढ़े बच्चे और बीमार, है परमेश्वर के यार, करें भावना से इनकी सेवा, पाएंगे लोक परलोक में सुख अपार। इस मौके पर समाजसेवी विजय नीमा, गोविंद गुप्ता, सेवा भारती के अध्यक्ष मनोज मलिक, विकास माटा, गौ सेवक सुरेश, विंध्या पांडे, चंद्र प्रकाश मलिक, भूषण देव शर्मा, तरूण छाबडा, खुशी मलिक, सोनल मलिक, राजु, मनोज मौजूद रहे।

### श्रीमद्‌भागवत कथा 25 से

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा नगर में मानव मंदिर सुंदरकांड कमेटी की ओर से 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। एडवोकेट प्रदीप बील्लु ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के मानव मंदिर परिसर में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन श्रीरामधाम बालाजी अरनिया के संत द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे श्री अंबेमाता मंदिर सिनेमा चौराहा से कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो मुख्य मार्ग से होते हुए मानव मंदिर पहुंचेगी। जहां विधि विधान व पूजा-अर्चना कर कथा का प्रारम्भ होगा।

### जनाक्रोश सभा में भाग लेने की अपील

**छबड़ा** (निसं)। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रविवार को कोटा के उम्मेदसिंह स्टेडियम में सुबह 11 बजे विशाल जनाक्रोश सभा को संबोधित करेगी। प्रधान हरिओम नागर, पालिकाध्यक्ष केसी जैन, नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, सेमली मंडल अध्यक्ष अशोक गौड, बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा ने पार्टी कार्यकर्ताओ व आमजन से अपील की है कि कांग्रेस सरकार की विफलताओं के लिए आयोजित विशाल जनाक्रोश सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच सरकार को जड से उखाड फैंकने का संकल्प ले।

### यूनिफॉर्म का वितरण किया

**छबड़ा** (निसं)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क यूनिफार्म वितरण के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय बरोनी में बुधवार को यूनिफार्म का वितरण किया गया। संदर्भ व्यक्ति शंकर लाल नागर के अनुसार प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मालव की मौजूदगी में 73 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद सेन, सुरेश बैरवा, सुनील जांगिड़, बृजेंद्र जांगिड और एसएमसी के सदस्य उपस्थित रहे। ड्रेस पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

# कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने निर्माण कार्यों का अवलोकन किया

**रावतभाटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल द्वारा नगर के विक्रम नगर रेस्ट हाउस में पंचायती राज विभाग, नगर पालिका, राजस्व विभाग व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से विभागीय योजनाओं जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

तत्पश्चात ब्रह्मा कुमारी दल के सदस्यों से उनकी धार्मिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल का नगर पालिका पार्षदों द्वारा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद बार कौंसिल रावतभाटा के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा ज्ञापन दिया गया, जिस जिला कलेक्टर द्वारा सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल द्वारा फिल्ड विजिट में सबरी आश्रम पहुंचे, जहां बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों से उनकी समस्याओ, दिनचर्या व खाना, रहन-सहन की जानकारी ली गई, तथा बच्चों को पढ़ाने व सामान्य जानकारी रखने हेतु उनसे प्रश्न पुछे गए।

मंडेसरा ग्राम पंचायत पहुंचने पर जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल एवं उप जिला कलेक्टर कैलाश चंद गुर्जर का साफा पहना, माल्यार्पण कर सरपंच शिवराज गुर्जर सहित स्थानीय वार्ड पंच, जनप्रतिनिधि, आमजन द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने मंडेसरा ग्राम में पैदल घुमकर प्रधानमंत्री आवास का अवलोकन किया। तथा लाभार्थियों से संवाद कर सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान सभी जगह जिला कलेक्टर का रुख सकारात्मक रहा।



जिला कलेक्टर द्वारा निर्माण कार्यों का अवलोकन कर लाभार्थियों से जानकारी ली।

# स्मृति वन में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

■ आमजन को जोड़कर स्मृति वन को बचाने की मुहीम चलेगी

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर के अनंतपुरा क्षेत्र में अथक प्रयास के बाद बनाए गए स्मृति वन को बचाने के लिए अब शहर की कई और संस्थाओं का सहयोग लेकर उसे बचाने का प्रयास किया जाएगा। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी जीडी पटेल ने प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि स्मृति वन में आग लगाए जाने की घटना बेहद ही चिंता जनक व निंदनीय है, सालों के प्रयास के बाद इस भूमि को हरा किया गया है।

गायत्री परिवार एवं युवा टीम दीया के संयुक्त प्रयासों से अनंतपुरा श्रीराम शर्मा आचार्य स्मृति वन में पिछले 4 वर्षो से अथक पुरुषार्थ करके 3000 से अधिक पौधे लगाए गए जो आज वृक्ष बन गए हैं। वर्तमान में पेड़ो की ऊंचाई 12 से 15 फीट है। इसके लिए गायत्री परिवार कोटा ने सिर्फ अपने लाखों रुपए के खर्चे और प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य किया जिसको 40 कार्यकर्ताओं की टीम ने नियमित श्रमदान करके विकसित किया।

गायत्री परिवार कोटा के मुख्य ट्रस्टी जी डी पटेल ने बताया कि पथरीली भूमि पर जेसीबी मशीन से गड्ढे करवाकर व मिट्टी खाद की व्यवस्था कर 3000 से अधिक वृक्षों को विकसित करने के लिए कोटा से टैंकरों द्वारा पानी की व्यवस्था की गई व वहां बोरिंग लगाया गया। वर्तमान में यह वृक्ष प्रकृति का सौंदर्य बनकर पर्यावरण को स्वच्छ बना रहे हैं व क्षेत्र को प्राणवायु दे रहे हैं।

दीया टीम के ललित सोनी ने बताया कि 19 दिसंबर की रात्रि को असामाजिक तत्वों ने पेड़ों में आग लगा दी जिससे 300 से अधिक पेड़ जल गए, ऐसा लगता है की असामाजिक तत्व स्मृति वन को नष्ट कर उन पर कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में भी इन असामाजिक तत्वों द्वारा दो तीन बार कई वृक्षों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया था, साथ ही पूर्व में चौकीदार के साथ मारपीट की गई थी।

आर्य उप प्रतिनिधि सभा के संभागीय प्रधान अर्जुन देव चड्ढा ने कहा कि गायत्री परिवार के साथ मिलकर कई संगठन कोटा जिला प्रशासन, वन विभाग व पुलिस प्रशासन से मांग करेंगे कि स्मृति वन को जलाने की घटना की जांच की जाए व उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिदिन नियमित रात्रि गश्त की व्यवस्था की जाए। चड्ढा ने कहा कि इन पौधों को बच्चों की तरह पाला गया है, एक पौधे को वृक्ष बनाने में कई लोगों का पसीना बहा है, ऐसे में प्रशासन को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल कर स्मृति वन की सुरक्षा पर गंभीरता से प्रयास करना चाहिए।

शहर की जनता से भी अपील की जाएगी कि कोटा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिस गति से वह सराहनीय है। स्मृति वन भी कोटा का एक ऑक्सीजोन है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के ट्रस्टी आरएस मालवीय, वरिष्ठ सदस्य हरीश शर्मा, युवा टीम दीया के कार्यकर्ता प्रेम नागर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा जन आक्रोश यात्रा को सफल बनाने की तैयारी बैठक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा उत्तर व कोटा दक्षिण की संयुक्त जन आक्रोश महासभा की तैयारियों को लेकर कोटा शहर के भाजपा के मण्डलों में तैयारी बैठके हुई।

भाजपा के रेलवे कॉलोनी और स्टेशन मंडल की संयुक्त बैठक हरिओम बैंकट हॉल भीमगंजमंडी में मंगलवार सायं संपन्न हुई। बैठक को प्रमुख रूप से भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा केशवरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कार्यक्रम जिला संयोजक जगदीश जिंदल, सहसंयोजक लक्ष्मण सिंह खींचीं, भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक अरविंद सिसोदिया, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, जिला मंत्री आशा चतुर्वेदी, कोटा उत्तर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं जनआक्रोश महासभा के कोटा उत्तर संयोजक लव शर्मा, स्टेशन मंडल के अध्यक्ष रमेश शर्मा चाचा, रेलवे कॉलोनी मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया धन्यवाद जिला महामंत्री जगदीश जिंदल ने दिया एवं संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश शर्मा ने किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा केशवरायपाटन विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि पूरे राजस्थान में कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने कहा अगली सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनने जा रही है और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह मिस कॉल नंबर 8140200200 पर अधिक से अधिक के मिस कॉल करके अपने आक्रोश की पुष्टि करें। उन्होंने कहा कोटा भाजपा का गढ़ है, कोटा भाजपा का जलजला पूरा देश देखता है। राजस्थान को कांग्रेस के कुशासन से मुक्त कराकर, भाजपा की सरकार बनायेंगे। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि लाड़पुरा की जनआक्रोश महासभा बहुत सफल रही है, महासभा में आमजन के उमड़े जन सैलाब ने सभी पुराने रिकार्ड ध्वस्त कर दिये है।

इसी तरह से कोटा उत्तर एवं कोटा दक्षिण विधानसभा की संयुक्त जनआक्रोश महासभा 24 दिसंबर को किशोर सागर तालाब की पाल पर शाम 4 बजे होने जा रही है। इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर के इसे सफल बनाएं। उन्होने कहा भाजपा के सभी मण्डलों में महाजनसर्म्पक अभियान चल रहा है। इसमें कांग्रेस सरकार के कुशासन के विरूद्ध जन जागरण किया जा रहा है। घर घर पत्रक लेकर कार्यकता पहुच रहें है। इसमें भी सभी को अपना योगदान देना चाहिये।

कार्यक्रम जिला संयोजक जगदीश जिंदल तथा सहसंयोजक लक्ष्मण सिंह खींचीं ने पदाधिकारियों से आव्हान किया की हमें 24 दिसम्बर को कोटा उत्तर व कोटा दक्षिण की संयुक्त महासभा को भव्य सफलतम बनाना है। इसके लिये हमें अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं तथा आमजन को लाना है।

भारतीय जनता पार्टी कोटा के कोटा उत्तर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र जनआक्रोश महासभा संयोजक लव शर्मा ने कहा कि कोटा की जनता कांग्रेस सरकार के कुशासन से परेशान है। कोटा की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों रूपये बर्बाद कर दिये। जनता को नलों में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा।

# सिलिकोसिस प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण हो : जिला कलेक्टर

**बूंदी** (निसं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आशानुरूप कार्य नहीं करने वाले चिकित्सा संस्थानों को सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना में अधिकाधिक पैकेज बुक करने पर चिकित्सा संस्थान के खाते में ही पैसा आएगा, जिससे उन्हें किसी पर भी निर्भर नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने आयुष्मान चिरंजीवी कार्ड की प्रगति बढाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निर्देष दिए कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना नियमित टीकाकरण की प्रगति बढाई जावे। एनीमिया मुक्त बूंदी अभियान में शत प्रतिशत जांच हो। मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए डेंगू पर नियंत्रण रखने पर विभाग के कार्यों की सराहना की।

उन्होंने राजस्थान, जननी सुरक्षा योजना, राजश्री योजना एएनसी चौकअप, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण आदि योजनाओं की समीक्षा कर आवष्यक निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि सिलिकोसिस प्रकरणों के निस्तारण के लिए अलग से कार्मिक नियुक्त हो। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि हर सप्ताह बैठक कर सिलिकोसिस प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं को हेमा कार्ड वितरित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन चिकित्सा संस्थानों में क्षय रोग की जांच के लिए संसाधन नहीं है, वहां संसाधन उपलब्ध कराए जाए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में बीसीएमओ को निर्देश दिए तथा योजनाओं के संबंध में ब्लॉक की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी। एसीएमएचओ डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने परिवार कल्याण के बारे में जानकारी दी। आरसीएचओ डॉ. पीसी मीणा ने टीकाकरण, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा ने मौसमी बिमारियों के बारे में भी जानकारी दी। डीपीएम राहुल माथुर ने योजनाओं के बारे में ब्लॉक वाइज रिपोर्ट प्रस्तुत की।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. ओपी सामर, एसीएमएचओ डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, आरसीएचओ डॉ. पीसी मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा, पीएमओ डॉ. प्रभाकर विजय, डीपीएम राहुल माथूर, सिविल विंग के अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य समिति की बैठक ली।

## सार-समाचार

### प्रतिष्ठान बंद रख विरोध जताया

**छबड़ा,** (निसं)। अखिल भारतीय सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पवित्र तीर्थ राज सम्मेद शिखर को हेरिटेज घोषित करने के विरोध में पूरे भारतवर्ष में संघर्ष के तहत जैन समाज ने बुधवार को विरोध स्वरूप अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर हाथों में तख्तियां एवं झंडे लेकर कस्बे में मौन जुलूस निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें सम्मेद शिखर को हेरिटेज घोषित करने का विरोध जताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार झारखंड में स्थित सम्मेद शिखरजी सिद्ध क्षेत्र अनादि काल से जैन श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक रहा है और हमेशा से ही जैन समाज के श्रृद्धा एवं आस्था का केंद्र रहा है, लेकिन अब सरकारे मात्र वोट बैंक की खातिर इस पवित्र स्थल को हेरिटेज घोषित कर वहां पर हवाई अड्डा बनाने, होटल खोलने एवं क्षेत्र को पूरी तरह पर्यटक स्थल बनाने पर तुली है जो सीधा-सीधा जैन समाज की भावनाओं क्षेत्र का अनादर करना है। यहां अब श्रृद्धाघ से निकली जयकारों एवं पूजा पाठ की जगह जाम छलकेंगे एवं घंटे-घडियाल की पवित्र घ्ध्वनियों की जगह अर्द्धनग्न नाच के साथ अश्लीलता की बयार बहेगी। इसे जैन समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। दिगंबर श्वेतांबर समाज ने बुधवार को कस्बे के अहिंसा सर्किल से एसडीएम कार्यालय तक हाथों में तख्तियां लेकर एवं समाज के झंडे बैनर लेकर मौन जुलूस निकाला, जिसमें समाज के सभी महिला पुरुषों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी भाग लिया।

### हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंता** (निसं)। अंता पुलिस द्वारा चेहड़िया निवासी अख्तर की हत्या के मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है साथ ही बाकि के आरोपियो कि सरगर्मी से तलाश कि जा रही है। एडिशनल एस पी जिनेन्द्र जैन ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि चेहड़िया मे शनिवार रात्रि को खेत पर खाना देने बाईक से जा रहे चेहडिया निवासी अख्तर मिर्जा कि रास्ते मे कुछ युवकों द्वारा धारदार हथियारों से हमला करते हुए हत्या कि गईं थी इस मामले मे कार्यवाही करते हुए दो आरोपी चेहडिया निवासी आबिद खान पुत्र सिराज तथा वसिम अहमद पुत्र असरार अहमद को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जहां से आरोपियों से पूछताछ को लेकर 3 दिन के पीसी रिमांड पर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### कार्यकारिणी गठित

**छबड़ा,** (निसं)। माहेश्वरी महिला मंडल की बैठक शोभा आगेश्वर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें परिवेक्षक निहारिका गगरानी एवं सीमा बागडी द्वारा चुनाव संपन्न कराए गए तथा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सचिव पूजा आगेश्वर ने बताया कि निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष नम्रता आगेश्वर, सचिव अर्चना गगरानी, कोषाध्यक्ष पायल आगेश्वर, उपाध्यक्ष वर्षा चांडक, सह सचिव ललिता गगरानी को बनाया गया। इस अवसर पर उषा नुवाल, आरती आगेश्वर, संतोष नुवाल, संजू मूंदडा, महिमा आगेश्वर, सरिता आगेश्वर एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

### बैंक खाते की ईकेवाईसी 31 तक करवायें

**झालावाड़** (निसं)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जारी की जाने 13वीं किश्त का लाभ प्राप्त करने के लिए समस्त कृषकों को बैंक खाते का ई-के.वाई.सी, आधार से लिंकिंग एवं डाइरेक्ट बेनीफिशियरी ट्रान्सफर (डीबीटी) 31 दिसंबर, 2022 तक करवाना जरूरी है। जिला नोडल अधिकारी (पीएम-किसान) एवं प्रबंध निदेशक गुलाब चन्द मीना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी किश्त कृषक के आधार से जुड़े बैंक खाते में सीधे ही हस्तान्तरित होगी। उक्त औपचारिकता के अभाव में कृषकों को योजना के आगामी लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है। पी.एम.-किसान पोर्टल पर कृषक या तो स्वयं या फिर ई-मित्र व सी.एस.सी. की सहायता से 15 रुपए शुल्क का भुगतान करके ई-के.वाई.सी. करवा सकते हैं।

### प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**झालावाड़** (निसं)। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरणों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कोर्ट, पुलिस थानों एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में दर्ज, निस्तारित एवं शेष प्रकरणों पर चर्चा कर एससी-एसटी कोर्ट में लम्बित् चल रहे सभी प्रकरणों का निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक बृजमोहन मीणा एवं सहायक निदेशक अभियोजन कमलेश शर्मा उपस्थित रहे।

### डॉ शिरीश मंडावत ब्लॉक अध्यक्ष बने

**बून्दी** (निसं)। मेडिकल विभाग तालेडा के ब्लॉक कार्यालय के मीटिंग हॉल मे हुई। मासिक बैठक में डॉ शिरीश मंडावत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरुंधन कोसरसम्मति से निर्विरोध आरआईएसडी ब्लॉक अध्यक्ष तालेडा चुना गया। मीटिंग मे ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी तालेडा डॉ आशीष अग्रवाल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक परितोष वर्मा, राजेश मीणा फ़ार्मासिस्ट पीएचसी बरुंधन, तालेड़ा ब्लॉक की समस्त पीएचसी एवं सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक की सभी एएनएम व सीएचओ की उपस्थिति मे एवं ब्लॉक कार्यालय तालेडा के समस्त स्टाफ की उपस्थित मे यह निर्णय लिया गया।

### चेचट अस्पताल को एंबुलेंस मिलेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के चेचट अस्पताल को 26 दिसंबर सोमवार को एम्बुलेंस मिलेगी। विधानसभा मीडिया प्रभारी अखिलेश मेडतवाल ने बताया कि मरीजों को आ रही भारी समस्याओं को देखते हुए विधायक कोटे से 15 लाख रुपए की अनुशंसा की है जो एंबुलेंस 26 दिसंबर सोमवार को चेचट अस्पताल को मिल जाएगी।इस एंबुलेंस के आने से क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं से मरीजों को राहत मिलेगी अभी एंबुलेंस की भारी समस्या थी। इस एंबुलेंस का आने के बाद मरीजों को बहुत सुविधा मिलेगी एंबुलेंस की लागत 15 लाख होगी। ऐसी ही एक एंबुलेंस कुछ समय पहले रामगंजमंडी चिकित्सालय को भी उपलब्ध हुई थी।

### अजय मेरोठा अध्यक्ष बने

**छबड़ा,** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक बुधवार को मंडखो बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई, यहां सर्वसम्मति से कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय मेरोठा, उपाध्यक्ष मनीश यादव, महासचिव सौरभ योगी, सचिव दामोदर नागर, कोशाध्यक्ष नरेंद्र मेहर व मीड़िया प्रभारी अंकुर यादव को बनाया गया। इस अवसर पर दीपू वर्मा, दीपक नागर, मीरा गुर्जर, यषवंत, मुकेष, कौषल, सोमेष, निरंजन आदि स्वास्थ्य अधिकारियों ने नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा अभिभाषक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन रावतभाटा के अध्यक्ष अजीज हुसैन एडवोकेट ने बताया कि ज्ञापन में रावतभाटा में वकील कॉलोनी के लिए जगह आवंटित करने, रावतभाटा में एडीजे कोर्ट एवं मुंसिफ न्यायालय खोलने, न्यायालय परिसर, उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था कराने तथा न्यायालय परिसर और उपखंड कार्यालय के बीच में लिंक रोड बनाने की मांग की गई।

### क्लस्टर मेंटर डेवलपमेंट वर्कशॉप सम्पन्न

**बूंदी** (निसं)। एक दिवसीय क्लस्टर मेंटर डेवलपमेंट वर्कशॉप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करवर में शुरू हुई। जिसमें 35 अध्यापकों ने भाग लिया। वर्कशॉप की शुरुआत प्रधानाचार्य बृजगोपाल दीक्षित ने की। इसके पश्चात व्याख्याता कुलदीप सुमन के द्वारा एफएलएन की अवधारणा के बारे मे बताया गया। मास्टर ट्रेनर प्रीतम अरोड़ा के द्वारा एनएएस प्रश्नपत्र पर चर्चा की गई। शिक्षण योजना मै गतिविधि के साथ सतत् आंकलन योजना पर प्रकाश डाला, प्रभारी राजेंद्र चावला ने यह जानकारी दी।

### विद्यार्थी 16 तक आवेदन कर सकेंगे

**झालावाड़,** (निसं)। अल्पसंख्यक मामलात् विभाग के निदेशालय के निर्देशानुसार अंबेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक विद्याथियों की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2022 से बढ़ाकर 16 जनवरी 2023 कर दी गई है। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमर सिंह मीना द्वारा दी गई।